8 नाटो से लड़ना चाहता था बटकल

02-09-13
Dainik Bhaskar, Front Page

सुराज नहीं कुराज यात्रा है : गहलोत

सीएम ने पोकरण में पेयजल लिफ्ट परियोजना का किया लोकार्पण

जैसलमेर। राज्य के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत रविवार की शाम पोकरण पहुंचे और पोकरण फलसूंड बालोतरा सिवाना लिफ्ट योजना का लोकार्पण किया। 357 करोड़ की इस योजना से जैसलमेर जिले के कई गांवों को हिमालय का मीठा पानी मिलेगा। इसके अलावा उन्होंने इसी परियोजना के दो अन्य कलस्टरों का शिलान्यास भी किया। इस परियोजना के तहत करीब 508 गांवों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री के साथ राज्य के जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. जितेंद्रसिंह व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. चंद्रभान भी थे। पोकरण संदेश यात्रा के दौरान उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया, जिसमें हजारों लोग एकत्र हुए।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि विपक्ष की सुराज यात्रा नहीं है बल्कि कुराज यात्रा है। यह उनके कुशासन की याद दिलाती है। उनके शासन में मुंबई से लुटेरे आए थे और राजस्थान को लूट कर ले गए, भ्रष्टाचार में डूबी सरकार ने प्रदेश में कुछ भी नहीं किया।

इस अवसर पर डॉ. जितेंद्रसिंह, डॉ. चंद्रभान, शाले मोहम्मद ने भी सभा को संबोधित किया और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर एसएस सुमानिया, राजेश चौधरी, रविकांत कुमार, एस.आर. भट्टा, एमएम चौहान सहित कलेक्टर एन.एल. मीणा, एसपी हेमंत शर्मा भी उपस्थित थे।